nwda.gov.in

समय से पूरी हो केन-बेतवा लिंक परियोजना : दुर्गा शंकर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि केन-बेतवा लिंक परियोजना बुंदेलखंड क्षेत्र की जल सुरक्षा और सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। यह राज्य की एक प्रमुख परियोजना है। हमारा लक्ष्य है कि अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी और जानकारी का उपयोग करके इस परियोजना को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को वित्तीय वर्ष 2023-24 के साथ-साथ 2024-25 के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि इसी के अनुसार भारत सरकार से बजट आवंटित कराया जा सके।

मुख्य सचिव ने सोमवार को भारत सरकार में जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग के सचिव पंकज कुमार के साथ बैठक कर केन-बेतवा लिंक परियोजना व हिंडन नदी की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हिंडन नदी प्रदूषण मुक्त होने की कगार पर है। उन्होंने हिंडन नदी के किनारों पर साफ-सफाई पर विशेष ध्यान केंद्रित करने और नदी के आसपास पौधारोपण कराने के निर्देश दिए। नदी में सीवेज व औद्योगिक कचरे का पानी कतई न छोड़ा जाए।

मुख्य सचिव ने हिंडन नदी का नाम हर नंदी रखने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में प्रदेश में उद्योगों से निकलने वाला अपशिष्ट गंगा नदी में प्रवाहित नहीं हो रहा है। बैठक में वन एवं पर्यावरण विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज सिंह, सिंचाई विभाग के प्रमुख सचिव अनिल गर्ग, प्रमुख सचिव नमामि गंगे अनुराग श्रीवास्तव सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे।